<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

विषयः- श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय नागर विमानन मंत्री द्वारा गगन (एक उपग्रह आधारित प्रणाली) राष्ट्र को समर्पित करना।

आज दिनांक 13 जुलाई, 2015 को नई दिल्ली में श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय नागर विमानन मंत्री द्वारा श्री आर. एन. चौबे, सचिव नागर विमानन, श्रीमती एम. सत्यवती, महानिदेशक डीजीसीए, श्री आर. के. श्रीवास्तव, अध्यक्ष भाविप्रा तथा डॉ वाई. वी. एन. कृष्णामूर्ति, वैज्ञानिक सचिव, इसरो की गरिमामयी उपस्थिति में गगन सुविधा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर माननीय नागर विमानन मंत्री द्वारा अध्यक्ष भाविप्रा को कम्प्लीशन प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए सचिव, नागर विमानन ने पड़ोसी देशों तथा कैचमैन्ट एरिया के अन्य देशों में इस प्रणाली को लोकप्रिय बनाने पर अपने विचार रखे। उन्होने इस प्रणाली को और अधिक लोकप्रिय बनाने हेतु अतः प्रयोक्ताओं से मिलने की आवश्यकता पर बल दिया।

माननीय मंत्री जी ने भारत द्वारा इस नई सुविधा को अपने सहयोगियो के माध्यम से पूरे विश्व मे फैलाने की बात कही तथा उन्होने आग्रह किया कि हम गगन की सेवाओं का उपयोग केवल नागर विमानन क्षेत्र मे ही नही बल्कि विस्तृत संभार तंत्र सेवाओं मे भी करेंगे ताकि संभार तंत्र तथा अन्य उद्योगों की कार्यक्षमता एवं विश्वसनीयता भी इस तकनीक से लाभान्वित हो सके।

जहाँ तक नागर विमानन का संबंध है, गगन भूमध्यवर्ती आयन मण्डल मे कार्यशील पहली उपग्रह आधारित संवर्धन प्रणाली है जो ऊध्वधिट मार्गदर्शन सहित विमान अवतरण हेतु प्रमाणित है तथा यह यूएसए की डब्ल्यूए ए एस, यूरोप की इंजीएनओएस और जापान की एमएसएएस के बाद इस प्रकार की आसाधारण उपलब्धि प्राप्त करने वाली तीसरी एसबीएएस है।

सभी उपस्थित लोगो ने भाविप्रा व इसरो की टीम को इस सराहनीय उपलब्धि हेतु बधाई दी और कहा कि इस प्रणाली के प्रारंभ होने पर पूरा राष्ट्र गौरवान्वित हुआ है।

....

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें।

महाप्रबंधक जनसंपर्क, भाविप्रा 9810025069,011-24622787

सं- 24/2015-16

विमानन उपयोग के लिए गगन प्रणाली के औपचारिक शुभारंभ के अवसर पर श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय नागर विमानन मंत्री दीप प्रज्जवलित करते हुए। चित्र में (बाएं से दाएं) डॉ वाई.वी.एन. कृष्णमूर्ति, वैज्ञानिक सचिव इसरो, श्री आर. एन. चौबे, आईएएस, सचिव (नागर विमानन), श्री आर. के. श्रीवास्तव, आईएएस, अध्यक्ष भाविप्रा तथा श्रीमति एन. सत्यवती, आईएएस, महानिदेशक, डीजीसीए भी दिखाई दे रहें हैं।